हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई, 2025

11 पर्यावरण प्रेमियों ने त्रिवेणी रोपित कर मनाई ...



12 अधिकारी खुद को जनता का सेवक समझ कर करें ...



**खबर संक्षेप**



### मुक्केबाज नमन तंवर ने पक्का किया पदक

**भिवानी।** थाईलैंड में 24 मई से 1 जून तक चलने वाली ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए कैप्टन हवा सिंह बॉक्सिंग अकादमी के मुक्केबाज नमन तंवर मुक्के का दम दिखाते हुए सिल्वर मेडल पक्का किया और अपनी सफलता का श्रेय कोच संजय श्योराण को दिया। अकादमी महासचिव प्रीतम दलाल ने बताया कि नमन तंवर का फाइनल मुकाबला चीन के साथ होगा। नमन को बधाई देते हुए अध्यक्ष डॉ. एलबी गुप्ता ने हौसला बढ़ाया और कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि वे देश को स्वर्ण पदक दिलाने का काम करेंगे।

### राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों/संस्थाओं व नशा मुक्ति केन्द्रों को 2025-26 हेतु राज्य पुरस्कार प्रदान किए जाने है। इसके लिए आवेदनकर्ता अपना आवेदन 2 जून तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार की राशि, पात्रता की शर्ते व स्कीम की विस्तृत जानकारी विभाग की अधिकारिक वेबसाई सेवा.हरियाणा.जीओवी.इन से प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदनकर्ता को अपना आवेदन जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में भी सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करवाना होगा।

### दादरी में 12 को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 जुलाई दादरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग एवं सौंदर्यीकरण से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर चरखी दादरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है।

# देवनगर की महिलाओं ने पेयजल की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

## शहर के कई क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से पेयजल की एक बूंद भी नहीं आई

■ महिलाओं ने ज्ञापन में बूस्टर बनाने व देवनगर को अप्रूवड करवाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में इन दिनों पेयजल की भयंकर समस्या बनी हुई है। कई-कई क्षेत्र तो ऐसे है, जहां पर पिछले कई-कई दिनों से पेयजल की एक बूंद भी सप्लाई नहीं आई। जिसके चलते लोगों को दूर-दराज से पानी लाने या टैंकरों से खरीदकर पानी पीने को मजबूर हो रहा है, जिससे उनकी परेशानियां गुणात्मक रूप से बढ़ रही है तथा वे रोड़ जाम जैसे कदम उठाकर जिला प्रशासन, संबंधित विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से पेयजल समस्या के समाधान की मांग कर रहे है। इसी तरह पेयजल समस्या से स्थानीय हांसी रोड़ स्थित देवनगर कॉलोनी के लोग भी खासे परेशान है। उनका कहना है कि लगातार दो माह से उनकी कॉलोनी में एक बूंद भी पानी की सप्लाई नहीं आई है। देवनगर कॉलोनी पेयजल सप्लाई की गंभीर समस्या से त्रस्त महिलाओं ने वीरवार को भाजपा जिला मंत्री शकुंतला प्रधान के नेतृत्व में विधायक को मांगपत्र सौंपा तथा पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए देवनगर कॉलोनी में बूस्टर बनवाए जाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने देवनगर कॉलोनी को अप्रूवड करवाने की मांग भी विधायक से की।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी तथा जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी मुलाकात कर इस समस्या के समाधान की मांग उठाएंगी। महिलाओं की समस्या सुनने के बाद विधायक घनश्याम सर्राफ ने आश्वासन दिया कि वे इस समस्या को प्राथमिकता पर लेकर संबंधित विभागों से बात करेंगे और जल्द ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर शीला, नीलम, ज्योति, कृष्णा, सुदेश, प्रेमलता, दर्शन रानी, रोशनी, निर्मल, अंग्रेजो, सुदेश रानी, रोशनी, गीता, खुशबू, सुनीता, राजबाला, बाला, नीतू, प्रियंका, क्लास सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।



**भिवानी।** पानी की मांग को लेकर विधायक को मांगपत्र सौंपती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### सर्दियों में भी कभी कभी आता है पानी

विधायक को मांगपत्र सौंपते हुए देवनगर कॉलोनी निवासी भाजपा जिला मंत्री शकुंतला प्रधान ने कहा कि देवनगर में पानी की आपूर्ति की समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि पिछले एक दशक उन्हे हर वर्ष इस जल संकट से गुजरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सर्दियों के मौसम में पानी कभी-कबार आ जाता है, लेकिन गर्मियों में तो पेयजल सप्लाई के दर्शन तक को वे तरस जाते है। उन्होंने कहा कि अब भी पिछले दो माह से लगातर उनकी कॉलोनी में पेयजल की एक बूद की सप्लाई भी नहीं हुई है। जिसके समाधान के लिए जरूरी है कि देवनगर कॉलोनी में बूस्टर बनाया जाए।

# पेयजल संकट को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

■ पेयजल समस्या का जल्द समाधान नहीं होगा तो करेंगे विभाग के कार्यालय का घेराव

■ प्रदर्शन के बाद एक बार तो जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों ने एक घंटे के लिए पानी छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जन संघर्ष समिति भिवानी ने पानी के संकट को हल करवाने के उदेश्य से लोहड़ बाजार के बंसीपाना में स्थानीय नागरिक व महिलाओं के साथ वीरवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एक बार तो जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों ने एक घंटे के लिए पानी छोड़ा। प्रदर्शन में गली की सभी महिलाएं घरों से बाहर निकलकर प्रदर्शन में शामिल हुई। इस मौके पर जनसंघर्ष समिति के संयोजक व सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालुवास, मोहल्ले के नागरिक नरेश सोनी व राहुल वर्मा ने कहा कि बंसीपाना में पिछले दो वर्षो से पानी नहीं आ रहा है।

विभाग ने दो वर्ष पहले चार ईंच की लाइन लोहारी वाला चौक से जोड़कर र डाली थी, वह उंची होने के कारण इस मोहल्ले में पानी का प्रेशर नहीं बन रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रैसर से पानी छोड़ा जाए तभी वह पहुंचेगा, अन्यथा किशोरी लाल सेवा सदन की तरफ से जोड़ा जाए तो पानी पहले की तरह आ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हो तो नीची लाइन की 6 ईंची पाईप लाइन दबाई जाए तथा वह लोहारी चौक से जुड़ जाए तो पानी आसानी से मोहल्ले में पहुंच सकता है, अन्यथा पानी का संकट बना रहेगा। नागरिकों ने यह भी कहा कई बार थोड़ा पानी आता है तो बहुत गंदा आता है, उसे पी भी नहीं सकते। जिसके चलते मोहल्ले के खासे नागरिक परेशान है।

महिलाओं को पीने का पानी दूर दूर से लाना पड़ता है। वक्ताओं ने कहा कि यदि मोहल्ले में पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे संबंधित विभाग के कार्यालय का घिराव करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर नरेश गुप्ता, मनोज अग्रवाल, संजय शर्मा, अंकित तंवर, अनिल जांगड़ा, कृष्ण सोनी सहित दो दर्जन से अधिक महिलाएं शामिल हुई।

### आवारा-बेसहारा पशुओं ने जीना किया दूभर, कोई रास्ता आता नहीं नजर

■ शहरवासियों ने पशुओं से निजात दिलाने के लिए लगाई गुहार

**बवानीखेड़ा।** आवारा कहें या बेसहारा पशुओं ने जीना दुभर किया हुआ है। दर्जनों की संख्या में ये पशु हर गली चौराहे पर खड़े नजर आएंगे इसके अलावा इनके आपस में लड़ाई करने पर आने जाने वालों को जान के लाले पड़ जाते हैं। हुडा कॉलोनीवासियों में रविन्द्र वर्मा, राजेश कुमार, ललित, औमपाल, निर्मल, अनिल काजल, राजेश ठकराल, अनिल सांगवान, सचिन शर्मा, रवि शर्मा, मुकुल तेहरिया आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी में ऐसा कोई घर नहीं है जिसके सामने इन पशुओं ने दस्तक देकर उन्हें परेशान न किया हो।

ये पशु घर से बाहर निकलते या रास्ते में जाने पश्चात उन पर हमला करते हैं वहीं घर के सामने बनाए गए पार्कों में घुसकर भी उन्हें तहस नहस कर देते हैं जिसके कारण उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लोगों की मानें तो शहर में दो-दो बड़ी गोशालाएं हैं वहां पर इनका स्थाई प्रबंध करना चाहिए ताकि लोग राहत की सांस ले सके। शहरवासियों ने इस बारे विधायक से मिलकर समाधान करवाने की बात कही।

### तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में वार्षिक महोत्सव 31 मई से

■ एक से सात जून तक सुबह सवा 6 बजे से सवा 8 बजे तक रूद्र महारूद्र का आयोजन

**भिवानी।** श्रीश्री 1008 स्वामी भास्करानंद परमहंस की पावन पुण्यस्मृति के उपलक्ष्य में तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में 31 मई से 7 जून तक 30वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के तहत नाम संकीर्तन पद यात्रा, कवि सम्मेलन, रूद्र महारूद्र सत्संग-प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30वां वार्षिक महोत्सव के तहत 31 मई को साढ़े 4 बजे से 6 बजे तक नाम संकीर्तन पदयात्रा तथा 4 से 7 बजे तक तपोभूमि परमहंस योगाश्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। एक से 7 जून तक प्रतिदिन सुबह सवा 6 बजे से सवा 8 बजे तक रूद्र महारूद्र का आयोजन किया जाएगा। एक जून से 3 जून तक सांय 4 से 7 बजे तक नाम संकीर्तनहोगा। 2 जून को सांय 4 से 7 बजे तक परमपूज्य महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज सत्संग में प्रवचन देंगे।

### कारीदास के राजकीय स्कूल में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन

■ घर में माता-पिता भी निरंतर पढ़ने के लिए प्रेरित करें

**बाढ़ड़ा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला कारी दास में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन इंचार्ज अनिल कुमार की अगुवाई में किया गया। मास्टर रविंद्र कुमार की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों ने अभिभावकों का स्वागत किया। इस दौरान अध्यापकों व अभिभावको द्वारा मंथन किया गया कि किस प्रकार से नौनिहालों को अधिक से अधिक पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए, उनका सर्वांगिण विकास किया जाए जिसमें सभी मिलकर सहयोग कर सके। मास्टर सुंदर पाल फौगाट ने कहा कि किसी भी बच्चे के लिए यह आवश्यक है कि वो विद्यालय में तो पढ़े ही साथ में अपने अपने घरों में उसके माता पिता भी निरंतर उसे पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे।

### देश को चौधरी चरण सिंह व प्रताप जैसे महापुरुषों की जरूरत

■ पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

**भिवानी।** किसानों के मसीहा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि किसी देश की तरक्की का रास्ता उसके खेत खलिहानों से होकर गुजरता है। बात सुनने में जितनी सरल है उतना ही गहरा अर्थ है। चौधरी चरण सिंह ने देशहित के लिए अनेकों कार्य किए जो आज मिसाल बने हुए हैं। यह बात युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उनको पुष्पांजलि अर्पित करते कही। कमल प्रधान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन आज की युवा पीढ़ी व हर वर्ग के लिए अनुकरणीय है। इसके अलावा उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप को याद करते हुए कमल प्रधान ने कहा कि धर्म व मातृभूमि की रक्षा करने का दंभ वैसे तो बहुत से लोग भरते हैं लेकिन उसे निभाने का साहस महाराणा प्रताप जैसे ही किसी महापुरुष में होता है। हल्दी घाटी के युद्ध में उन्होंने अकबर की पराधीनता को अस्वीकार करते हुए अपनी मिट्टी के प्रति वफ़ादारी तथा अपने स्वाभिमान का परिचय दिया।

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है
NO SMOKING
NO TOBACCO
31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी | हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि द्वारा "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैंड, भिवानी पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।
सौजन्य से
MK HOSPITAL BHIWANI • SHHEF VENTURE
वर्धमान ज्वैलर्स
GAGAN KOKCHA DESIGNER

**बैठक** | राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के बयान की निंदा

# अपनी राजनीतिक ताकत पहचानकर महिलाओं को होना होगा और अधिक सशक्त : सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** महिलाओं को संबोधित करती इंडियन नेशनल लोकदल की महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला।

इंडियन नेशनल लोकदल की महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला व महिला प्रदेश अध्यक्षा तनुजा ने वीरवार को मिनी बाईपास स्थित निजी गार्डन के सामने पार्टी की महिला इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए महिला कार्यकर्ताओं को सांगठनिक रूप से और अधिक सशक्त व सक्रिय होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं संगठन की रीढ़ होती हैं और उनका सशक्त होना पार्टी की मजबूती का संकेत है।

सुनैना चौटाला व तनुजा ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर इनेलो की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिलाओं की भूमिका हरियाणा की राजनीति में और अधिक प्रभावशाली होगी और इसके लिए उन्हें तैयार रहना चाहिए। इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा द्वारा हाल ही में महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान ना केवल महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि यह समाज में असंवेदनशीलता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को महिलाओं के प्रति अपने दृष्टिकोण में सुधार लाना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासनकाल में महिलाएं किसी भी रूप में सुरक्षित नहीं है तथा छीना-झपटी और दुर्व्यवहार जैसी घटनाएं दिनोदिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास महिलाओं के लिए कोई कल्याणत्मक योजना नहीं है। भाजपा सिर्फ महिला हितैषी होने का दावा करती है। महिलाओं को संबोधित करते हुए सुनैना चौटाला ने राजनीतिक व सामाजिक तौर पर इनेलो से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी राजनीतिक ताकत पहचानकर सशक्त होना होगा तथा अपने हकों की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार के नेता महिलाओं के खिलाफ ब्यानबाजी कर अपना असल रंग दिखा रहे है। इस मौके पर इनेलो महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा तनुजा ने पार्टी संगठन में महिलाओं की भागीदारी को अहम बताते हुए महिलाओं को इनेलो से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु, महिला जिला अध्यक्ष सरोज श्योराण, सुनील लांबा, दिलबाग चेयरमैन, जितेंद्र मिनी गौरीपुर, अनिल पंघाल, कृष्ण मिताथल, भूपेंद्र कोच, राजेंद्र डीएसओ, सूरजभान एसडीओ, संजय नंबरदार, डा. मनदीप ढुल, रणसिंह श्योराण, आनंद सांगवान, अनिल सांगवान, निशांत ढ़ांडा, इंदु परमार आदि मौजूद रहे।





एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।

# हमारा पर्यावरण
## क्या था, क्या हो गया
# कैसे हो संरक्षित



जागरुकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *



### कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

**बच्चो, आज** से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइकिलिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग को मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

### भारत में साइकिल

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवा-गमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।



### साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **Bicycle** शब्द फ्रेंच भाषा के **bicyclette** वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगेन को 'सिटी ऑफ साइक्लिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

### जीवन की नींव



जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया
पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

### एंवॉयर्नमेंट नॉलेज



Q : भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
A : देहरादून में।

Q : राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
A : 33 प्रतिशत।

Q : चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
A : वनों की सुरक्षा।

Q : देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
A : बैंग्लुरु (कर्नाटक)।

Q: ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



A : ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।

Q : भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
A : अहमदाबाद (गुजरात)।

Q : इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
A : देहरादून (उत्तराखंड)।

Q : विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
A : 21 मार्च।

Q : भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
A : भोपाल में।

Q : भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
A : मध्य प्रदेश।

Q : पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
A : ऑक्सीजन।

Q : कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
A : वायु प्रदूषण।

Q : बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
A : जल प्रदूषण।

Q : परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
A : वायु प्रदूषक।

Q : राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
A : नागपुर (महाराष्ट्र)।

Q : वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
A : पराबैंगनी किरणों से।

Q : वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
A : नाइट्रोजन।

प्रस्तुतिः दीपक कोहली

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।

# ओह! यह तो वही लड़का है



कहानी
सिराज अहमद



निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल



### फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

### रंग भरो-176

**रंग भरो-176** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



अयान, रायपुर



कृतिका, सीपत



तेजू, रायपुर



शौर्य, जांजगीर



अरल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

### रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### भाजपा जिला अध्यक्ष पर हमले के पांच आरोपी काबू

**चरखी दादरी।** भाजपा जिला अध्यक्ष एवं शराब ठेकेदार पंकज गुर्जर पर हमला करने वाले पांच आरोपियों को काबू कर लिया है। बीती रात भाजपा नेता को फोन पर गोल्डी बराड़ के नाम से जान से मारने की धमकी भी मिली है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने सुरक्षा मुहैया करवा दी है। वहीं हमला के मुख्य आरोपी पवन बोंद और ललित उर्फ ढिल्लू मानहेरू अभी फरार हैं। ज्ञात रहे कि गांव रणकोली निवासी भाजपा युवा जिला अध्यक्ष एवं शराब ठेकेदार पंकज गुर्जर ने पुलिस को मारपीट और फायरिंग की शिकायत दी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। बीती रात पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रोपियों की पहचान गांव बोंद कलां निवासी साहिल, सांकरोड़ निवासी युवराज उर्फ आशू व रतन, हिंडोल निवासी दिनेश उर्फ सिन्हा और पवन उर्फ भांडू को गिरफ्तार किया है।

### कम से कम एक घंटा ध्यान व योगाभ्यास करें

**भिवानी।** महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देना चाहिए, उन्हें पौष्टिक भोजन ग्रहण करना चाहिए, तले हुए व फास्ट फूड से दूरी बनानी चाहिए। ये बात अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बीके सुमित्रा ने कही उन्होंने कहा कि महिलाओं की ऊर्जा, आत्मबल और कार्यक्षमता उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर निर्भर करती है, इसलिए सक्रिय जीवनशैली अपनाकर न केवल बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता भी लाई जा सकती है। इसके लिए उन्हें कम से कम एक घंटा ध्यान, योगाभ्यास और व्यायाम करना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान, प्राणायाम और गहरी नींद को प्राथमिकता दें।

### सिंचाई मंत्री और राज्यसभा सांसद का जताया आभार

**भिवानी।** जुई में बाबा माईराम के गढ़वा जोहड़ में नहर से पानी और तोशाम विधानसभा की विभिन्न नगरों में पानी पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी का ग्रामीणों ने आभार जताया है। जोहड़ में पानी पहुंचने पर जुई के ग्रामीणों ने बताया कि कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के प्रयास से उनके गांव के जोहड़ में पानी पहुंचा, जिससे ग्रामीणों को बहुत लाभ मिलने वाला है।
इस अवसर पर भाजपा कैरू मंडल आईटी सेल प्रमुख अक्षय सारसर जुई, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश लांबा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मेहनत की सराहना भी की है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अरुण लालावास, बिजेंद्र धारवानबास, पृथ्वी कैरु, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया।

*डायरेक्टर शमशेर सिंह और प्रिंसिपल तरंग गौड़ ने सभी टीचर्स का अभिनन्दन किया*

# स्टैम डीएलडी वर्कशॉप में विज्ञान विषयों में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने पर किया मंथन, 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आदर्श विद्या मंदिर स्कूल भिवानी में स्टैम डीएलडी वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका लक्ष्य विज्ञान विषय में छात्रों की रुचि बढ़ाना और उन्हें डिजिटल शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया।

विद्यालय के प्रेजिडेंट सतेंदर सिंह , डायरेक्टर शमशेर सिंह और प्रिंसिपल तरंग गौड़ ने सभी टीचर्स का अभिनन्दन किया । जिसमे विभिन्न विद्यालयों से कार्यशाला में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया और सभी ने सक्रिय रूप से विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। भारत सरकार ने स्टेम की शुरुआत भारत में कॉलेज से की परन्तु कुछ समय के बाद इसे सीबीएसई ने अब विद्यालय स्तर पर स्कूल में कौशल विकसित करने के लिए वर्कशॉप के माध्यम से करवाना आरम्भ कर दिया स्टैम प्रोग्रामिंग एक ऐसी तकनीक है जो शिक्षा क्षेत्र में छात्रों को कोडिंग और प्रोग्रामिंग के माध्यम से स्टैम विषयों को सीखने में मदद करती है। यह छात्रों को समस्या-समाधान, आलोचनात्मक सोच और नवाचार कौशल विकसित करने में मदद करता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित तकनीकी क्रांति के केंद्र में हैं जो हमारे जीने और काम करने के तरीके को बदल रहा है। हमारा मानना है कि शिक्षा क्षेत्र में स्टैम को एकीकृत करने से शिक्षार्थियों में जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान क्षमता, कल्पना, प्रश्न पूछने और अन्वेषण कौशल विकसित होते हैं। जिम्मेदारी नवाचार, डिजाइनिंग और जटिल समस्याओं के समाधान बनाने, परीक्षण और संशोधन करने में मदद करती है।



**भिवानी।** स्टैम डीएलडी वर्कशॉप में उपस्थित शिक्षक व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### वर्कशॉप में इन्होंने लिया भाग

ममता यादव आदर्श स्कूल तोशाम से, रेनू तायल वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी से, बबीना वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी से, तृप्ति ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल जमालपर से, अमिता रानी के. ऍम पब्लिक स्कूल भिवानी से, मंजू बाला के. ऍम पब्लिक स्कूल भिवानी से, तानिया सरदाना के. ऍम पब्लिक स्कूल भिवानी से, आशा के. ऍम पब्लिक स्कूल भिवानी से, मंजू गिरधर के. ऍम पब्लिक स्कूल भिवानी से, कलावती आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम से, दीपक एस.एच.टी. ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से, विजेता कटारिया एस.एच.टी. ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से, राहुल आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम से, दीपेंदर सिंह तंवर पब्लिक स्कूल बाल भवन से , रितु आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम से , कमल सिंह सी. डी. एस. इंटरनेशनल स्कूल से, रेनू रानी करियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल से, सलोनी करियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल से, पुनिता और सोनिया एच. एन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांगा , नितिन मॉडल संस्कृति सेनीर सेकेंडरी स्कूल से, दीपाली, हितेश और अंचल यादव ने विद्यांतरिक्ष सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुमन प्रिंसिपल करियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल से, अमरेंद्र कुमार हलवासिया विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल से, राहुल अग्रवाल और डॉली ने सरस्वती विद्या विहार स्कूल से , हेमंत कुमार गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल से आद ने भाग लिया।

#### स्टैम एक शैक्षिक कार्यक्रम

कार्यशाला में कई प्रकार की गतिविधिया करवाई गई। जिनके द्वारा विज्ञान को रोचक तथा कौशल विकसित बनाया गया कार्यशाला के अंत में टीचर्स को प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा डायरी पुरस्कार स्वरूप दी गई। शमशेर सिंह ने उपस्थित टीचर्स को तथा रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा की हमें अपने छात्रों को कल के लिए इस प्रकार तैयार करना है कि वे किसी नौकरी पर ही निर्भर न रहे तथा टीचर्स को एक महत्वपूर्ण अंग बताकर उनका उत्साह वर्धन किया। स्टैम एक शैक्षिक कार्यक्रम है जिसे प्राथमिक और माध्यमिक छात्रों को कॉलेज, स्नातकोत्तर अध्ययन और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों में करियर के लिए तैयार करने के लिए विकसित किया गया है। विषय-विशिष्ट सीखने के अलावा, स्टैम का उद्देश्य जिज्ञासु दिमाग, तार्किक तर्क और सहयोग कौशल को बढ़ावा देना है।

## पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण करना जरूरी : बाबा

# पर्यावरण प्रेमियों ने त्रिवेणी रोपित कर मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

### अगले साल जयंती तक 485 त्रिवेणी रोपित करने का लिया संकल्प : नेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पर्यावरण और संस्कारों को सुरक्षित रखने के लिए महापुरूष, परिजनों व गुरूजनों के नाम से कम से एक त्रिवेणी अपने जीवन में प्रत्येक जन को रोपित करनी चाहिए। इन पेड़ों को लगाने से पहले इसकी सुरक्षा के पूरे प्रबंध भी कर लेने चाहिए, अन्यथा इन्हें लगाने का कोई फायदा नहीं, ये बात त्रिवेणी बाबा ने साहस, पराक्रम, न्याय और दृढ़ता के प्रतीक राष्ट्र के गौरव महाराणा प्रताप की जयंती पर वीरवार को गांव तिगड़ाना में त्रिवेणी रोपित करने के उपरांत कही।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन को ये संकल्प लेना चाहिए कि वे महापुरूष या परिजनों की स्मृति में पौधरोपण अवश्य करेंगे, ताकि उनकी स्मृतियों को जीवित रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जा सकें। कार्यक्रम संयोजक हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती त्रिवेणी रोपित कर मनाई। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की अगली जयंती पर अगले वर्ष तक 485 त्रिवेणियों को रोपित करने का संकल्प कार्यक्रम के माध्यम से उठाया। इस अवसर पर महंत शनिगिरी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर गांव तिगड़ाना के सरपंच सुरेंद्र कुमार, मंदिर प्रधान भूपसिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कंवरसिंह, विक्रम सिंह, शंकर नर्सरी संचालक चंद्रमोहन, गजेंद्र मैंबर, सुरेंद्र पंच, प्रमोद पंच, नेत्र सिंह, कमलेश, रमेश पंच व नवीन ठेकेदार आदि मौजूद रहे।





**भिवानी।** गांव तिगड़ाना में त्रिवेणी रोपित करते पर्यावरण प्रेमी |व महाराणा प्रताप को नमन करते पटवारी व कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

### वीर शिरोमणि योद्धा महाराणा प्रताप को किया नमन



**भिवानी।** एमसी कॉलोनी सेंट्रल पार्क में वीर शिरोमणि महान योद्धा महाराणा प्रताप जयंती पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्व क्षत्रिय परिषद अधिवक्ता पदमसिंह चौहान सहित सर्वसमाज संगठन अंतरराष्ट्रीय श्रीसनातन परिषद प्रदेश अध्यक्ष पूर्णमल शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेश वधवा, गोस्वामी लालदास मंदिर सचिव गणपतराय जसूजा, धर्मपाल वधवा, भारत माता सेवा मंडल नगर प्रभारी डॉ. ओमप्रकाश चावला, संगठन मंत्री सुमेर सैनी, बाल सेवा आश्रम सचिव सुभाष छाबड़ा सहित गणमान्य लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

### महाराणा प्रताप को किया याद

**भिवानी।** महाराणा प्रताप जयंती भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की भावना का उत्सव है, ये शौर्य और आत्मगौरव का उत्सव है, जिसने भारत के इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है ये बाते पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के राज्य उपप्रधान विकास राठी व पटवारियों ने पुरानी तहसील स्थित पटवार भवन में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके कही। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का स्थान भारतीय इतिहास में विशेष है, क्योंकि उन्होंने हर परिस्थिति में स्वतंत्रता एवं आत्मसम्मान को चुना। वे न झुके, न बिके और न समझौते के आगे झुके। उनका जीवन संदेश देता है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता है, उनकी गाथा हमें सिखाती है कि असली ताकत तलवार की नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने की होती है। जयंती पर तहसील प्रधान विक्रांत शर्मा, संदीप रोहिल्ला, अमित गौतम, हरकेश पटवारी व प्रशिक्षु पटवारी अन्नू, साहिल, युद्धवीर, मंजीत, बसंत, सचिन आदि मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप जयंती पर क्रिकेट मैच आयोजित



**भिवानी।** महाराणा प्रताप जयंती पर गांव ढाणा नरसान के क्रिकेट मैदान में सद्भावना टी-20 मुकाबले का आयोजन किया। यह आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति ने हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान और नशामुक्त भारत अभियान के तहत किया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से सामाजिक जागरूकता से जोड़ना था। इस मौके पर दो रोमांचक टी-20 मुकाबले खेले गए। पहले मैच में ग्रीन इंडिया टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। ग्रीन वर्ल्ड टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 97 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में ग्रीन इंडिया टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में अवशेष, हर्षित और मास्टर कपिल की बेहतरीन पारियों की बदौलत ग्रीन इंडिया ने मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया।

### झांसी की रानी समूह ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**चरखी दादरी।** रोज गार्डन में झांसी की रानी समूह द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती विश्व हिन्दू परिषद के सहयोग से बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। समूह की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रोशनी शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि और डॉ. सुभाष जैन एवं बलबीर प्रजापति विशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे। समूह की ओर से महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके अद्वितीय साहस, स्वाभिमान व देशभक्ति को स्मरण करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### महाराणा प्रताप, साहस, शौर्य और वीरता का दूसरा नामः महंत चरणदास महाराज



**भिवानी।** युवा जागृति एवं एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा रविवार से 101 दिवसीय धार्मिक व सामाजिक परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सान्निध्य में निकाली जा रही 101 दिवसीय परिक्रमा के दौरान प्रतिदिन यज्ञ, योग, सत्संग, पूजा एवं प्रार्थना कार्यक्रम के दौरान संत-महापुरूषों की स्मृति में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, ताकि युवा पीढ़ी को श्रीसनातन संस्कृति से जोड़ने के साथ उन्हें देश के गौरवमयी इतिहास के बारे में भी अवगत करवाया जा सकें। इसी कड़ी में परिक्रमा के दौरान हांसी गेट स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती हर्षोल्लास से मनाई। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि महाराणा प्रताप, साहस, शौर्य और वीरता का दूसरा नाम है। महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने वीरता की नई परिभाषा से लोगों को अवगत करवाया था। जिन्होंने अपने स्वाभिमान व राष्ट्र की रक्षा के लिए कभी भी दुश्मनों से हार नहीं मानी तथा बड़ी से बड़ी जंग को भी जीतकर अपना स्वाभिमान व राष्ट्र का गौरव बनाए रखा।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव देशहित मेंः शर्मा



**तोशाम।** वीरवार को तोशाम के पंचायत भवन में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर भाजपा नेता अनिल शर्मा के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा की एक राष्ट्र, एक चुनाव से सार्वजनिक धन की बचत होगी। वहीं प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर तनाव कम होगा। सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन होगा, विकास गतिविधियों पर प्रशासनिक ध्यान केंद्रित होगा, चुनाव प्रचार के लिए ज्यादा समय मिलेगा। भाजपा नेता अनिल शर्मा का कहना था कि चुनाव की आर्थिक लागत अधिक है, इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें भी हैं। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती। शर्मा ने कहा कि रोज-रोज के चुनाव से समाज में आपसी द्वेष बढ़ता है और समाज में वर्गीकरण को बढ़ावा मिलता है। जिससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ता है। चुनाव प्रचार के दौरान होने वाली रैलियों में जिस प्रकार से बिजली की खपत होती है, जिस प्रकार से संसाधनों का इस्तेमाल किया जाता है उससे प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है तो परोक्ष और प्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण के संतुलन में भी एक राष्ट्र एक चुनाव का काफी अहम योगदान होगा। इस दौरान मौजूद सैकड़ो लोगो ने दोनों हाथ खड़े करके इस मुहिम को आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर तोशाम मंडल अध्यक्ष विक्की महता, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक दरियापुर, सरपंच प्रतिनिधि विजय तंवर, समस्त तोशाम पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

# प्रतिमा अनावरण समारोह के प्रचार को चार टीमें गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर 4 जून को गांव खावा में होने वाले हरफूल जाट जुलाणीवाला गौशाला का उद्घाटन एवं किसान योद्धा शहीद मंगल सिंह खरेटा की प्रतिमा अनावरण समारोह को लेकर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा निरंतर प्रचार अभियान जारी है। इस दौरान ट्रस्ट के जुड़े किसान रोजाना विभिन्न गांवों में जाकर ग्रामीणों को कार्यक्रम का निमंत्रण दे रहे है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तेजी से निमंत्रण अभियान चलाया हुआ है, जिसके लिए चार टीमें गठित की गई है। उन्होंने बताया कि तोशाम क्षेत्र में ईश्वर सिंह बागनवाला, बहल क्षेत्र में युवा किसान नेता युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा, मुंढ़ाल क्षेत्र में ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु तथा सिवानी क्षेत्र में अनुप सिंह खरेटा प्रचार अभियान में जुटे हुए है। गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटाने के लिए दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता डोर-टू-डोर संपर्क कर रहे है।



**भिवानी।** ग्रामीणों को कार्यक्रम का न्योता देते ट्रस्ट के पदाधिकारी।



**भिवानी।** सम्मान समारोह में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

### महाराणा प्रताप की जयंती पर एक मंच पर सर्व समाज को किया सम्मानितः डॉ. राजेश

**भिवानी।** भिवानीः सम्मान एक प्रयास समिति के संस्थापक व अध्यक्ष डा. राजेश कुमार की अध्यक्षता में गाँव कलिंगा में महाराणा प्रताप जी की जयंती पर 17वां रक्तदान, स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भरत सिंह परमार ट्रैफिक मैनेजर हरियाणा रोडवेज भिवानी, विशिष्ट अतिथि डा. संजय परमार विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान जीजेयू हिसार, कैप्टन लालचंद गुज्जर सूई, कु. शर्मिला अरोधिया राजीव गाँधी कॉलेज भिवानी, श्री दर्शन मिढ़ा पूर्व जिला खेल अधिकारी सेवानिवृत भिवानी, डॉ. बृजलाल जांगड़ा समाजसेवी चांग, ईश्वर सिंह यादव समाजसेवी यादव, पवन कुमार सामाजिक कार्यकर्त्ता मिताथल, अमित शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता मंढ़ाणा, राकेश घणघस धनाना, अजय सैनी समाजसेवी भिवानी ने रिब्बन काटकर किया

## आज का मानव खुद व खुदा को भूला

# साधनों एवं सुविधाओं ने मानव जीवन को आरामदायक व सुखद बनायाः बीके सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

साधनों और सुविधाओं ने मानव जीवन को आरामदायक और सुखद बना दिया है, लेकिन साधनों के अति प्रयोग से शारीरिक और मानसिक शक्तियों में बेहद कमी आई है, जिससे हम साधना को भूल गए, जिसकारण जीवन में जब कठिन परिस्थितियों आती हैं तो उनसे निपटने की क्षमता कम हो गई, ये उदगार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में आयोजित कार्यक्रम में चंडीगढ़ से पधारी समाजसेवा प्रभाग की क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज मानव भौतिक संसाधनों में इतना लिप्त हो गया जिससे वह खुद व खुदा को भूल गया है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर जिला परिषद अशोक थालौर महेश फौजी सरपंच प्रतिनिधि कादयान, कविता बीडीसी झोझू कलां, श्रीराधा कृष्ण गौशाला अध्यक्ष सतबीर शर्मा, पंडित शिवप्रसाद शर्मा, पर्यावरण प्रेमी मास्टर रणधीर पूर्व मनेजर ईश्वर सिंह, सुबे स्वामी पंच,नीतू पंच आदि उपस्थित थे।



**भिवानी।** स्काऊट्स को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

#### आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाना होगा

ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने कहा कि अगर हम समाज को दिव्य व श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं तो आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में धारण करना होगा। सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि जब हमारी भावनाएं सकारात्मक होगी तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। इसके लिए हमें अपने दैनिक जीवन में राजयोग मेडिटेशन को शामिल कर जीवन को संतुलित बनाना होगा। कार्यक्रम में पधारे जिला पार्षद प्रतिनिधि अशोक थालौर ने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा दी जाने वाली शिक्षा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा तभी हमारा भाईचारा श्रेष्ठ बनेगा। सरपंच प्रतिनिधि महेश फौजी ने कहा कि ग्रामीण जीवन में आध्यात्मिकता शामिल हो जाए तो गोकुल गांव बन सकते हैं। ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग तपस्या और सेवा से गांवों का सर्वांगीण विकास होगा। इस मौके पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

### किसानों को कल्याणकारी योजनाओं बारे जागरूक किया जाएः एडीसी



**भिवानी।** जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

**भिवानी।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों के हित के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी होना जरूरी है। इन योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अपनी पैदावार बढ़ा सकता है, जिससे उसकी आमदनी और अधिक बढ़े। डॉ नागपाल वीरवार को कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि विभाग के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन के माध्यम से अधिकारी विकसित कृषि संकल्प अभियान अभियान के तहत जिला में किसानों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगे। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे किसानों से संबंधित योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारी दें। जानकारी के अभाव में किसान योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने कहा कि किसानों को कम पानी में होने वाली फसलों, सब्सिडी पर मिलने वाले कृषि उपकरणों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि जिला में किसानों को जागरूक करने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान केंद्र व प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। कृषि विज्ञान केन्द्र और केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, बागवानी, पशुपालन, डेयरी और मत्सय पालन विभाग के अधिकारी गांवो में जाकर किसानों से सीधा संवाद कर अभियान के तहत किसानों को जागरूक करेंगे।

### पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने आमजन से मांगा सहयोग

**भिवानी।** जब भी आंधी-तूफान आते है तो सैंकड़ों बिजली के पोल व पेड़ टूट कर गिर जाते हैं। बिजली के कंडम पोल इधर-उधर पड़े रहते है, जिनसे अक्सर दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। इन पोलों को आसानी से कटवाकर औद्योगिक क्षेत्र व अन्य स्थानों पर अविकसित एवं उपेक्षित पड़े पार्क एवं ग्रीन बेल्टों पर फेंसिंग पिल्लर के रूप में लगाकर बहुत ही कम लागत में उन्हें विकसित किया जा सकता है, यह बात भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा ने प्रेस को जारी ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि आंधी में गिरने वाले कुछ पेड़ों को समिति ने बचाया है। पेड़ों को बचाकर पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है।

**सूचना**

मैं, सत्यवीर सिंह धनखड़ पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी मकान न. 1748-पी सैक्टर-13, हुडडा, भिवानी बयान मैंने मेरा नाम सत्यवीर धनखड़ से बदलकर सत्यवीर सिंह धनखड़ रख लिया है। इसलिए भविष्य में मुझे सत्यवीर सिंह धनखड़ नाम से जाना व पहचाना जाये।

## खबर संक्षेप



### श्रमिक संगठन ने लगाई मीट्ठे पानी की छबील

**भिवानी।** सेक्टर 13 स्थित डॉक्टर भीम राव आंबेडकर पार्क के सामने श्रमिक सेवा संगठन द्वारा मिट्ठे पानी की छबील लगाई तथा मीठा पानी पिलाकर राहगिरों व क्षेत्रवासियों की प्यास बुझाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मोहर सिंह सिरोहा, राजेश जांगड़ा,कृष्ण प्लंबर, शैलेन्द्र, राजेश काजल, महावीर शर्मा, सुभाष फौजी, संदीप, आकाश, नवीन, कुलदीप भारती, विकास, विपिन तंवर, एडवोकेट कृष्ण कुमार शर्मा, गुलशन, शिक्षा बोर्ड भिवानी स्टाफ अश्वनी बत्रा, सुदर्शन, ओम प्रकाश फौजी, मुकेश मारोडिया, विवेक गुर्जर, रज्जो, जोगिंदर जादू का योगदान रहा।

### दादा-पौते पर नकाबपोश बाइक सवारों का हमला

**लोहारू।** उपमंडल के गांव फरटिया निवासी एक व्यक्ति और उसके पोते पर मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश दो युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गांव फरटिया भीमा निवासी रणसिंह ने बताया कि वह अपने पौते रिमांशु के साथ बाइक पर बुशान गांव के लिए घर से निकला था। मुख्य सडक़ मार्ग पर 500 मीटर दूर ही पहुंचे थे कि सामने से मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश युवकों ने चलती मोटरसाइकिल ही उनको थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद बाइक को तेज दौड़ा कर फरटिया केहर गांव की ओर ले गया और एक घर में छुप गया।

### किसानों को मिलेगी जलभराव से मुक्ति

**चरखी दादरी।** दादरी विधानसभा के दर्जनों गांवों के खेतों में जलभराव ये किसानों को जल्द निजात मिलेगी। खेतों में बारिश के पानी को विशेष तकनीक से पाइप डालकर निकाला जाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा सरकार द्वारा घोषित योजना के अनुसार पानी को सीधा नहरों में छोड़ा जाएगा। ऐसे में दोगुना फायदा होगा। एक तो किसानों के खेतों से पानी निकल जाएगा और जहां पानी की आवश्यकता है वहां पर उसकी सप्लाई हो सकेगी। संबंधित विभाग द्वारा जोरशोर से धरातल पर कार्य किया जा रहा है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में किये वादा को धरातल पर लागू किया जा रहा है।

## विधायक सर्राफ की संतुष्टि तक लंबित मानी जाएंगी सेक्टरों से संबंधित शिकायतें

# अधिकारी खुद को जनता का सेवक समझ कर करें समस्याओं का समाधान : ढांडा

- लोगों के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी या ज्यादती होने पर ठोस कार्रवाई करें पुलिस
- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने परिवेदना समिति की बैठक में रखे 15 परिवादों में से 9 का किया मौके पर ही समाधान अधिकारियों को दिए निर्देश





भिवानी। आयोजित कष्ट निवारण समिति की बैठक उपस्थित मंत्री, विधायक व आयोजित बैठक में परिवाद रखते लोग व अपनी समस्या रखते हुए एक परिवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ांडा ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी जनता के सेवक हैं, वे अपने आप को जनता का सेवक समझकर ही उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान करें। यदि किसी आमजन के साथ कोई धोखाधड़ी या ज्यादती होती है तो पुलिस विभाग ठोस कार्रवाई करें ताकि दोषी को सजा मिल सके। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी मामले में पीड़ित व्यक्ति के साथ न्याय न करने वाले और उसे परेशान करने वाले संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

शिक्षा मंत्री ढ़ांडा वीरवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादों का निपटारा करने के दौरान अपना संदेश दे रहे थे। इस दौरान भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर वाल्मीकी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक भी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने बैठक में रखे गए कुल 15 परिवादों में से 9 का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष के लिए संबंधित विभागों को गहनता से जांच के आदेश दिए।

### एजेंट द्वारा पैसा निकालना एक गंभीर मामला

▶▶| बैठक में रखे गए परिवादों में बहादुरगढ़ निवास दलबीर सिंह फोगाट के मामले की सुनवाई करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि डाक विभाग देश की विश्वसनीय संस्था है, जिस पर लोग आंख बंद कर विश्वास करते हैं। ऐसे में डाकघर में किसी के खाते से एजेंट द्वारा ही पैसे निकालने का मामला बहुत ही गंभीर है। उन्होंने पुलिस विभाग को इस मामले में दोषियों को खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा डाक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित व्यक्ति को ब्याज सहित राशि अतिशीघ्र दिलवाई जाए। गांव ढ़ाणी माहू निवासी जगदीश के मामले में सुनवाई करते हुए मंत्री ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि पानी की चोरी नहीं होनी चाहिए।

▶▶| गांव बसीरवास निवासी राजबीर के मामले की सुनवाई करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि ग्राम सचिव एक तरह से सरपंच का सहायक होता है और उसको सरपंच पर अधिकार जमाने के बजाय सरकारी कार्य में उसकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने लोहारू के एसडीएम को इस मामले की एक सप्ताह के अंदर जांच करने के निर्देश दिए। हालुवास निवासी मुरारी लाल की समस्या पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समस्या का समाधान कर दिया गया है। ढाब ढाणी निवासी सतबीर के मामले में पुलिस विभाग ने शिक्षा मंत्री ढ़ांडा को बताया कि इस मामले का निपटारा कर दिया गया है।

▶▶| सोशल एक्टिविस्ट बहल निवासी राजेश अग्रवाल के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राईमरी स्कूल में शौचालय या पेयजल से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं रहनी चाहिए। गांव रतेरा निवासी राज कुमार के मामले की सुनवाई करते हुए बीडीपीओ बवानीखेड़ा को निर्देश दिए कि तालाब पर किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए।

▶▶| भारत नगर निवासी पूजा गौड़ के मामले की सुनवाई करते हुए ढ़ांडा ने कहा कि नाबालिग बच्चों की राशि गैर तरीके से बैंक से निकलवाना बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्य प्रणाली पर स्पष्ट तौर पर प्रश्न चिन्ह और उनकी लापरवाही है। ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### झुप्पा खुर्द निवासी सुनीता के मामले में आया नया मोड़

गांव झुप्पा खुर्द निवासी सुनीता के मामले की सुनवाई में उस समय नया मोड़ आया जब उसने शिक्षा मंत्री को बताया कि लॉकडाउन के दौरान उसके पति की एक वाहन से टक्कर मारकर हत्या कर दी गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर शिक्षा मंत्री ने एसपी को इस मामले में आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति को पेंशन योजना का लाभ समय पर मिलना चाहिए। लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर ना लगाने पड़ें।

### सेक्टर की समस्याओं में की जाए ठोस कार्रवाई : सर्राफ

दी भिवानी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी के प्रधान रामकिशन शर्मा द्वारा रखी गई सेक्टर 13 व 23 की समस्याओं के मामले में शिक्षा मंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लोग सुविधाओं के लिए ही बहुत अधिक पैसा खर्च कर सेक्टरों में रहते हैं, लेकिन फिर भी वहां सीवर जाम रहना गंभीर बात है। उन्होंने एसडीएम भिवानी को निर्देश दिए कि सीवर सफाई टेंडर से संबंधित ठेकेदार के कार्य की जांच की जाए। यदि वह सही कार्य नहीं कर रहा है तो उसके खिलाफ सरकार द्वारा निर्धारित पैनल्टी लगाई जाए तथा ब्लैक लिस्ट करने की सिफारिश की जाए। सेक्टर की समस्याओं पर मौके पर मौजूद भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ ने भी शिक्षा मंत्री से ठोक कर कार्रवाई करवाने को कहा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विधायक सर्राफ की संतुष्टिं तक सेक्टरों की समस्या लंबित मानी जाएगी।

## मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाकर विद्यालय पहुंची डीपीई प्रोमिला का किया अभिनंदन

**भिवानी।** सूर्य नमस्कार-2025 के विजेताओं को पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सम्मानित किए जाने पर वीरवार को विद्यालय पहुंची प्रोमिला डीपीई का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी हनुमान में प्रधानाचार्या सुनीता सैनी व स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वागत किया। प्रधानाचार्या व स्टाफ सदस्यों ने डीपीई प्रोमिला को जीवन में इसी प्रकार आशातीत सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या सुनीता सैनी ने बताया कि विद्यालय में योग क्लब का गठन किया गया है, जिसमें बच्चे बड़े उत्साह के साथ योग गतिविधियों में भाग लेते हैं। विद्यालय में सीआरपी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोमिला डीपीई द्वारा अप्रैल माह में प्रतिदिन योग करवाया गया और 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलने वाले सूर्य नमस्कर कार्यक्रम के तहत विद्यालय में 6 दिन का सूर्य नमस्कर शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुनीता सैनी व सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर भारत अत्री, राकेश कुमार, सुखबीर, सुमन, सीमा, सुमन, अंगूरी, संतोष, नरेश, पूर्णसिंह उपस्थित रहे।

## राजकीय कॉलेज का विलय सीबीएलयू में नहीं करने की मांग, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** राजकीय शिक्षण महाविद्यालय को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विलय करने की योजना को रद करने की मांग को लेकर जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व छात्र नेता प्रवीण बूरा के नेतृत्व में वीरवार को भिवानी पहुंचे शिक्षामंत्री महिपाल ढ़ांडा को मांगपत्र सौंपा। जिसमें सरकार के फैसले का प्रभाव अनेक विद्यार्थियों पर सीधे तौर पर पड़ेगा तथा उनके लिए बीएड शिक्षा और महंगी हो जाएगी। कामरेड ओमप्रकाश व छात्र नेता प्रवीण बूरा ने कहा कि भिवानी का राजकीय कॉलेज वर्षो से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण का केंद्र रहा तथा कॉलेज का सीबीएलयू में विलय होने से सैंकड़ों विद्यार्थियों के परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। इस महाविद्यलय की कुल फीस 34.500 रूपये है। सेल्फ फाईनसेंस व निजी कॉलेजों की दोनों वर्षो की फीस करीब एक लाख रूपये है, ऐसे में कॉलेज का विलय सीबीएलयू में किया तो आर्थिक कमजोर परिवार के बहुत से बच्चें शिक्षा के अधिकार से वंचित हो जाएंगे।

## आनंद स्कूल के प्राचार्य सम्मानित

- मुख्यमंत्री से नितिश मिश्र को सूर्य नमस्कार के लिए हुए सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। मुख्यमंत्री से सम्मानित हुए आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के प्राचार्य नितीश मिश्र स्मृति चिंह के साथ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के प्रिंसिपल नितीश मिश्र को योग आयोग, आयुष विभाग द्वारा आयोजित सूर्य नमस्कार अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान प्रदेश के भिवानी जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दो राजकीय एवं एक प्राइवेट स्कूल को प्रदान किया गया, जिसमें आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस एकमात्र निजी संस्थान रहा। एक महीने का विशेष सूर्य नमस्कार अभियान आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, प्रमुख योग संस्थाओं एवं विद्या भारती के सहयोग से 12 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक चलाया गया था। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल ने पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ सूर्य नमस्कार अभियान में भाग लिया। योग आयोग, आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन सूर्य नमस्कार के साथ-साथ नियमित प्राणायाम की व्यवस्था भी स्कूल की सभा में की जाती है, जिससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। स्कूल पहुंचने पर चेयरमैन आनंद यादव ने सम्मान पत्र को ग्रहण करते हुए कहा कि आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस शिक्षा के साथ-साथ मानसिक, वैचारिक और शारीरिक गतिविधियों में भी बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करता है।

## स्कूल संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक

- पांच जून को शिक्षा निदेशालय पंचकूला में मांस डेपुटेशन की तैयारी की हुई समीक्षा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

विजय नगर स्थित अध्यापक भवन में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान ने की व संचालन जिला सचिव सुमेर आर्य ने किया। बैठक में विशेष रूप से संगठन के राज्य प्रधान प्रभुसिंह व राज्य उपप्रधान सुशील देवी उपस्थित रहे। बैठक में 5 जून को शिक्षा निदेशालय पंचकूला में मांस डेपुटेशन की तैयारी की समीक्षा की गई व 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में अध्यापकों को प्रेरित करने के लिए ब्लॉक वाइज टीमों का गठन किया। उन्होंने बताया कि अध्यापकों के ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया जल्दी शुरू की जाए, अध्यापकों के पेंडिंग मामले एलटीसी, मेडिकल बिल, एसीपी आदि को सिटिजन चार्टर बनाकर अतिशीघ पूरा करवाया जाए। जिला सचिव सुमेर आर्य ने कहा कि भिवानी जिले के अध्यापकों ने नामांकन अभियान में विशेष कार्य करते हुए स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाई है। अतः सरकार आबादी के हिसाब से सार्वजनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए स्कूल खोले भिवानी के अंदर देवनगर, लाजपत नगर, दिनोद गेट, कृष्णा कॉलोनी, डाबर कॉलोनी, शास्त्री नगर आदि कॉलोनी में एक भी प्राइमरी, हाई व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहीं है। हम सरकार से मांग करते हैं कि इन कॉलोनी में प्राथमिक विद्यालय खोले जाएं ताकि बच्चों को 3-5 किलोमीटर पढ़ने के लिए दूर न जाना पड़े। बैठक में लोहारू खंड की प्रधान रेखा रानी, विनोद डीपीई, जगवंत, हरिकिशन, राजेश महरिया, कमल शर्मा, मुकेश, सुशील देवी, अनूप सिंह, लाजपत, जितेंद्र, संजय गौरीपुर, जगजीत, हंसराज, कुंदन लाल, अनिता आदि उपस्थित रहे।

## शादी में नहीं किया प्लास्टिक का यूज

- मास्टर विनोद मांढी ने बिना प्लास्टिक के प्रयोग के करवाई भतीजे की शादी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

खंड के गांव मांढी केहर निवासी शिक्षा प्रेरक संघ प्रदेशाध्यक्ष मास्टर विनोद मॉंढी ने अपने भतीजे दीपांशु के शादी समारोह में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं कर समाज को एक संदेश देने का प्रयास किया है कि प्लास्टिक के प्रयोग से लगातार जो पर्यावरण को नुकसान हो रहा है उसे रोका जाना जरूरी है। शादी में पॉलीथिन और प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए, दूल्हा-दुल्हन ने शपथ भी ली थी। यह शपथ प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचने और एक स्वच्छ समारोह सुनिश्चित करने के लिए ली गई थी।

### दूल्हा-दुल्हन ने फेरों से पहले ली शपथ

शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे युवा कल्याण संगठन के सरंक्षक कमल प्रधान ने नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने के लिए लोग जागरुक हो रहे है और अपने शहर और गांव को स्वच्छ बनाने के लिए प्रयासरत है। उनके निवास स्थान माण्ढी केहर पर बुधवार को उनके भतीजे दीपांशु के शादी समारोह में प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उसका उपयोग नहीं करने का प्रयास किया गया। दूल्हा दुल्हन और मेहमानों ने प्लास्टिक का प्रयोग नहीं कर स्वच्छता की शपथ ली। मेहमानों के साथ दूल्हा-दुल्हन को जीवनभर प्लास्टिक व पॉलिथिन यूज न करने तथा लोगों को इसके प्रति जागरुक करने की शपथ दिलाई। मा. विनोद मांढ़ी के भतीजे दीपांशु पुत्र राजेश कुमार का बुधवार को शादी समारोह रखा गया था। जिसमें पूरे समारोह को प्लास्टिक मुक्त रखा। कोई भी सामान प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया। दूल्हा दुल्हन ने फेरों से पहले प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने का अनुरोध किया तथा लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए पॉलिथिन व प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली।

## रक्तदान कर रक्तदाता बने 14 युवा

- मानवता की सेवा के लिए संसाधनों से ज्यादा इच्छाशक्ति जरूरी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाते एवं प्रमाण पत्र देते अतिथि।

आपातकाल की स्थिति में एक नहीं, बल्कि कई रेयर ब्लड ग्रुप की आवश्यकता सामने आई, तब भिवानी जिले के विभिन्न गांवों के 14 युवा रक्तदाताओं ने समय रहते चौ. बंसीलाल अस्पताल में ब्लड बैंक में पहुंचकर न केवल रक्त की पूर्ति की, बल्कि अनोखी मिसाल कायम की। इन युवाओं ने ये साबित कर दिया कि मानवता की सेवा के लिए संसाधनों से ज्यादा जरूरी इच्छाशक्ति और समर्पण है। आपातकाल स्थिति में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व मनीष वर्मा ने सम्मानित किया। रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि वीरवार सुबह अस्पताल से सूचना मिली थी कि अलग-अलग रेयर ब्लड ग्रुप की यूनिटों की आवश्कता है। जिसकी सूचना टीम को दी व विभिन्न गांवों में टीम के युवा रक्तदाता स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत नागरिक पहुंचे तथा 14 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाने के अभियान में आहुति डाली

## श्मशान भूमि रास्ता विवाद : दोनों पक्षों ने पुलिस को दी शिकायत

**लोहारू।** उपमंडल के गांव फरटिया भीमा में श्मशान भूमि के रास्ता के मामले में गांव हुई पंचायत और उसके बाद दो पक्षों के बीच हुए झगड़े हुए लोहारू पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। एक पक्ष की ओर से ग्रामीण सतवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके गांव फरटिया भीमा में 27 मई को पंचायत हुई थी और उसमें उससे श्मशान भूमि के रास्ते पर ट्रैक्टर से हल चलाने के बारे में पूछा गया था और उसने कहा कि रास्ते पर कोई कब्जा नही किया गया है और पीछे का रास्ता खाली करवाने की शर्त पर एक दिन में इस रास्ते पर पर गोड़ी चलाने की बात स्वीकार कर ली थी। आरोप है कि इसके बावजूद पंचायत में मौजूद लोगों ने उस पर और उसके बेटे के साथ मारपीट की। इसके बाद इलाज के लिए सीएचसी लोहारू पहुंचने पर वहां भी उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया।

**दादरी गांव** | रात्रि ठहराव कार्यक्रम प्रशासनिक संकल्प का प्रतीक

डीसी ने अधिकारियों को शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# रात्रि ठहराव से खत्म हुई ग्रामीणों व सरकार के बीच की दूरी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त।

जिला प्रशासन द्वारा चरखी गांव में रात्रि ठहराव कर समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए ग्राम विकास को लेकर अपनी समस्याओं व मांगों को रखा। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया। उपायुक्त ने कहा कि यह सीएम के विजन का हिस्सा है, जिसके तहत अधिकारी स्वयं गांवों में जाकर जमीनी स्तर की समस्याओं को समझते हैं और उनका त्वरित समाधान करते हैं। सरकार इस बात को लेकर पूरी तरह से सजग है कि अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव का आयोजन जनता से सीधे जुड़ाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। जिला प्रशासन लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं से वाकिफ होता है, ये कदम सुशासन की सोच को साकार कर रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार रात्रि ठहराव का आयोजन प्रत्येक माह एक गांव में आयोजित किया जा रहा है। इस बार चरखी गांव में कार्यक्रम का आयोजन हुआ है, ताकि प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से गांव के सौंदर्यीकरण के लिए मिलजुल कर आगे आने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## महिला कालेज बाढड़ा में रिक्त पद भरने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

- पार्षद व भाजपा नेत्री नीलम अशोक ने सीएम को भेजा मांगपत्र

जिला पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीलम अशोक कादमा ने प्रदेश के सीएम व शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर बाढड़ा उपमंडल क्षेत्र के महिला कालेज बाढड़ा, मांढी केहर व कादमा समेत तीन कालेजों में शिक्षण केडर के अस्सी फिसदी पद रिक्त होने से आ रही परेशानी का समाधान करने की मांग की। उन्होंने पिछले तीन सत्र में वार्षिक परिणाम में लगातार गिरावट का हवाला देते हुए नए सत्र से पहले ही सभी रिक्त पद भरने के लिए जल्द कार्रवाई की मांग की। नीलम अशोक कादमा ने कहा कि किसान बाहुल्य क्षेत्र के कारण गरीब क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों को दूरदराज शहरों में बच्चों को भेजने में असमर्थ है लेकिन सरकार आधुनिक शिक्षा सुविधाएं देने में विफल नजर आ रही है। पिछले साल भी तात्कालीन सीएम मनोहर लाल व प्रदेश के मौजूदा सीएम नायब सिंह सैनी व उच्च शिक्षा मंत्रालय महिपाल सिंह ढांडा को पत्र भेजकर बताया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में पिछड़े बाढड़ा खंड मुख्यालय पर महिला कालेज, मांढी केहर व कादमा में निर्माणाधीन भवन पूरा कर कक्षाएं शुरु कर दी लेकिन नाममात्र स्टाफ ही तैनात है। कालेज में पिछले सीजन में एक हजार से अधिक छात्राओं पर एक ही शिक्षक है।

डॉ. आर. पी. शर्मा अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612